नाबालिग लड़की की गला रेत कर हत्या के मामले का खुलासा

नाबालिग भाभी ने ही प्रेमी संग मिलकर ननद को मौत के घाट उतारा था

कोटा, (निसं)। शहर के महावीर नगर थाना इलाके में मंगलवार को 10वीं कक्षा की नाबालिक लड़की की गला रेत कर हत्या के मामले में बुधवार को पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मृतका की भाभी और उसके प्रेमी ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी भाभी को निरुद्ध किया है क्योंकि वो भी नाबालिग है। उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि मृतका की भाभी का शादी के पहले से झालावाड़ निवासी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के बाद वो उससे बात करती थी। घर पर कोई नहीं होने पर प्रेमी झालावाड़ से कोटा पहुंच जाता था और दोनों एक साथ रहते थे। इस बात की जानकारी उसकी ननद को लग गई थी। ऐसे में नाबालिग भाभी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ननद को मौत के घाट उतार दिया। इस हत्याकांड की योजना दोनों लंबे समय से बना रहे थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर को भी आरोपी प्रेमिका से मिलने के लिए आया था उस समय लड़की अपने कमरे में सो रही थी। मौका पाकर दोनों ने चाकू से गला रेतकर नाबालिग की हत्या कर दी।

कोटा में नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

घटना करीब तीन बजे की है। इसके बाद आरोपी भाभी ने अपने प्रेमी को घर से रवाना कर दिया। इसके बाद वह दूसरे कमरे में जाकर सो गई। शाम को जब 4 बजे उसका देवर और सास घर पर आए तब घर के हालात देखकर चौंक गए। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर शाम को पहुंची। कोटा सिटी एसपी डॉ. दुहन और एडिशनल एसपी दिलीप सैनी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मौके पर ही मृतका की भाभी से पूछताछ की जिसमें वह संतोषजनक जवाब नहीं दे रही थी। इस पर पुलिस को भाभी पर ही शक गहराया और उन्होंने देर रात 11 बजे भाभी को डिटेन कर लिया थाने पर ले जाकर उससे पूछताछ की गई तब जाकर मामले का खुलासा हुआ।

आरोपी की शादी बीते साल 2023 नवंबर में हुई थी। नाबालिग छात्रा की शादी भी उसकी भाभी के गांव में ही तय हो गई थी। भाभी को लगता था कि नाबालिग को उसके और प्रेमी के संबंध के बारे में जानकारी मिल जाएगी। आरोपी ने बताया कि मंगलवार को जब ननद सो रही थी तब उसके प्रेमी ने उस पर चाकू से वार किए। इस दौरान भाभी ने उसका मुंह दबा दिया था। संडासी से सिर पर कई वार भी किए गए थे। इसके बाद आरोपी भाभी का प्रेमी वहां से फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ मंडावर थाना इलाके में पहले से भी तीन मुकदमे दर्ज हैं। एडिशनल एसपी दिलीप सैनी ने बताया कि इस पूरे मामले में मंगलवार देर रात मृतका के भाई की रिपोर्ट पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया था। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया परिजनों को शव सौंप दिया है।

- **पुलिस ने आरोपी भाभी को निरुद्ध किया है क्योंकि वो भी नाबालिग है, प्रेमी को गिरफ्तार किया**

दस वर्षीय बच्ची ने आत्महत्या की

मासूम बच्ची को खेल-खेल में बच्चों ने चिढ़ाया था

बीकानेर, (निसं)। रणजीतपुरा थाना इलाके में दस वर्षीय बच्ची ने आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश के ज्योति हजरतपुर निवासी रतनलाल कश्यप चारणवाला में ईंट-भट्टे पर परिवार सहित मजदूरी करता है। रतनलाल की बेटी रुचि अपने परिवार के बालकों के साथ खेल रही थी। इस दौरान बच्चों में आपस में लड़ाई हो गई। झगड़े के बाद रुचि वहां से चली गई। बताया जाता है कि झोपड़े में जाकर उसने खुदकुशी कर ली।

पुलिस के अनुसार रुचि के साथ खेलते समय अक्सर बच्चे उसे चिढ़ाते थे। कई बार आपसी झगड़ा भी होता था। तब माता-पिता सभी को समझाते। माता-पिता ईंट-भट्टे पर काम करवा रहे थे। रुचि व अन्य बच्चे खेल रहे थे। तभी रुचि पर किसी तरह का तंज कसने से विवाद हो गया। इस पर रुचि रोते हुए झोपड़े में चली गई। बाद में उसका शव मिला। एसएचओ भाटी ने बताया कि रुचि काफी देर कर झोपड़े से बाहर नहीं आई, तब रतनलाल का छोटा बेटा झोपड़े में गया। अंदर का दृश्य देखकर व जोर से चिल्लाया। तब माता-पिता व मजदूर दौड़कर आए। बालिका को बज्जू अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डॉ. कोजाराम धतरवाल, प्रभारी सीएचसी बज्जू का कहना है कि बालिका को मृत अवस्था में लाए थे। प्रथमदृष्ट्या पता चलता है कि बच्ची असंवेदनशीलता सिंड्रोम से पीडित थी। इसमें इन्फीरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स जैसा कुछ था। शायद इसी से वह तनाव में थी।

कार में दम घुटने से मासूम की मौत

माता-पिता उसे कार में भूलकर शादी में चले गए थे

कोटा, (निसं)। जिले के इटावा उपखंड में 3 वर्षीय मासूम की कार में दम घुटने से मौत हो गई। बच्ची के माता-पिता उसे कार में भूलकर शादी में चले गए थे। करीब दो घंटे तक बंद कार में मासूम मौजूद थी। इसके चलते उसका दम घुट गया और मौत हो गई। बालिका संभवत: इस दौरान रोई भी होगी लेकिन शादी समारोह में तेज डीजे बज रहा था। ऐसे में किसी का ध्यान गाड़ी की ओर नहीं गया। कार भी धूप में ही खड़ी हुई थी। जानकारी के बाद परिजन बच्ची को आनन-फानन में लेकर इटावा अस्पताल पहुंचे जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

प्रारंभिक तौर पर चिकित्सकों का मानना है कि बालिका को सांस लेने में दिक्कत हुई होगी लेकिन किसी का ध्यान उस पर नहीं गया। खातौली थाने के हेड कांस्टेबल भरतराज गुर्जर ने बताया कि 3 वर्षीय मासूम बालिका की गाड़ी में सोते समय दम घुट जाने से मौत हुई है। परिजनों ने किसी तरह की पुलिस कार्रवाई से इनकार किया है। जिसके बाद बालिका के शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। मामले के अनुसार विज्ञान नगर निवासी प्रदीप नागर, उनकी पत्नी व दो बच्चियों के साथ खातौली थाना इलाके के जोरावरपुरा गांव में शादी विवाह में शामिल होने के लिए गए थे जहां पर गांव में पहुंचने पर उन्होंने गाड़ी पार्क कर दी। उस समय मासूम 3 वर्षीय गर्वी सो रही थी। दोनों पति-पत्नी और बड़ी बच्ची गाड़ी से उतर कर चले गए। प्रदीप का कहना है कि उसने सोचा था कि पत्नी ने बच्ची को उतार लिया जबकि पत्नी ने भी यही सोचा कि पति ने उतार लिया है। दोनों शादी समारोह में व्यस्त हो गए। 2 घंटे बाद जब दोनों एक दूसरे के आमने-सामने आए तब गर्वी के बारे में पूछा। इसके बाद घटनाक्रम की जानकारी मिली। जब दोनों भाग कर कार के नजदीक पहुंचे तब बालिका बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। इसके बाद जब अस्पताल लेकर गए तो उसे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अवैध कनेक्शन कर चोरी के पानी से फार्म पोण्ड भरने के मामले का खुलासा

मालपुरा, (निसं)। जल-जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन के लिये नगर से आवडा के लिये डाली गई जलदाय विभाग की मुख्य राईजिंग लाइन से अवैध कनेक्शन कर चोरी के पानी से फार्म पोण्ड भरने व खेती करने के बड़े मामले का खुलासा करते हुये सहायक अभियंता तारा स्वामी की टीम ने सात अवैध कनेक्शन काट सामान जब्त किया।

तारा स्वामी ने बताया कि नगर से आवडा लाइन डाल घर-घर नल कनेक्शन के तहत उपभोक्ताओं को किये गये कनेक्शनों में आगे के छोर तक पानी नहीं पहुंचने की मिली शिकायतों पर विभागीय टीम द्वारा उक्त राईजिंग लाइन का विभागीय स्तर पर निरीक्षण व जांच की गई तो आवडा में अवैध कनेक्शन कर फार्म पोण्ड भरने व खेती करने का मामला सामने आया। ग्रामीणों की शिकायत की पुष्टि होने के बाद बुधवार को आवडा निवासी रामचरण पुत्र श्रवण जाट, किशन पुत्र कानाराम जाट, शंकर पुत्र रामचन्द्र जाट, बन्नालाल पुत्र सुवालाल जाट, रामसहाय पुत्र घासीलाल जाट व जगदीश पुत्र सूरजकरण जाट द्वारा अवैध कनेक्शन कर बिछाई गई पाइप लाइन को उखाड़ते हुये बड़े फार्म पोण्ड पहुंचे, जहां फार्म पोण्ड में बिसलपुर का पीने का जल भरा हुआ था। उक्त लोगों द्वारा फार्म पोण्ड से खेती की जा रही थी।

जलदाय विभाग सहायक अभियंता तारा स्वामी व उनकी टीम ने आवडा मे अवैध नल कनेक्शनों पर कार्यवाही की।

सभी आधा दर्जन कनेक्शनों को काट डाली गई पाइप लाइन सहित अन्य सामान जब्त किये गये। कार्रवाई के दौरान आवडा में ही जगदीश पुत्र रामचन्द्र जाट के घर पर भी अवैध कनेक्शन काट सामान जब्त किया गया। तारा स्वामी ने बताया कि सभी अवैध कनेक्शन धारक पानी चोरो के विरूद्ध लाम्बाहरिसिंह थाने में पुलिस प्राथमिकी दर्ज करवाई जायेगी। जिला कलेक्टर के निर्देशों पर बुधवार की शाम पेयजल आपूर्ति के समय देशमा-देशमी गांव में घर-घर नल कनेक्शनों में पेयजल आपूर्ति की जांच की गई।

- **जलदाय विभाग टीम ने सात अवैध कनेक्शन काटे, सामान जब्त किया**

शिक्षकों ने स्कूल में खाना बनाने वाली महिला की बेटी की शादी में भात भरा

शिक्षकों ने 33 हजार नगद सहित अन्य सामान भेंट किया

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय टमकोर में कुक कम हेल्पर खाना बनाने वाली संतोष देवी की बेटी की शादी में विद्यालय के शिक्षकों ने 33 हजार रूपए नगद मायरा भरा तथा टीका की रस्म अदा कर चुनरी ओढाई और सूट, कपड़े व अन्य सामग्री भी भेंट की।

प्रधानाचार्य फारूक हुसैन के अनुसार संतोष देवी के पति की कई वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। उसकी आर्थिक स्थिति बेहद नाजूक है और पिछले काफी सालों से राजकीय बालिका स्कूल टमकोर में कुक कम हेल्पर के रूप में खाना बनाकर व साफ-सफाई का कार्य कर अपना जीवन यापन कर रही है। संतोष देवी के तीन बेटियां व एक छोटा बेटा है। उनकी बेटी की 22 मई को शादी होनी है। जिसमें बालिका स्कूल के स्टाफ ने मानवता दिखाते हुए संतोष देवी को बहन मानते हुए भात भरने की योजना बनाई और हजारों रूपए का आर्थिक सहयोग कर मायरा भरा। प्रधानाचार्य फारूख हुसैन, व्याख्याता विक्रम सिंह, सुरेश कुमार, ज्योत्सना, रणजीत सिंह, सविता सैनी, प्रताप सिंह, संतोष, पूनम शर्मा, प्रीति, दिनेश कुमार, साकिब खान, मीरा शर्मा, अनिता सोनी, मनीष जोशी, कौशल्या, नीलम और पूजा आदि ने संतोष देवी के घर जाकर मेरा स्वरूप मेरा की रस्म अदा की। इस अवसर पर मौहल्ले की महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए।

बालिका स्कूल के स्टॉफ ने संतोष देवी को बहन मानते हुए मायरा भरा।

अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

मकराना, (निसं)। पुलिस ने अवैध शराब सहित एक आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने बोरावड़ में अवैध देशी शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। हैड कांस्टेबल हीरालाल मय जाब्ता के गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर मनाना सरकारी अस्पताल के पास सफेद प्लास्टिक के कट्टे में शराब बेचने की फिराक में खड़े व्यक्ति को रोका तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। कट्टे में 58 पव्वे ढोला मारू के थे। पुलिस ने मनाना निवासी हनुमान पुत्र रामदेव हरिजन को गिरफ्तार किया।

मां ने बेटी के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या की

दूदू, (निसं)। जिले के अधीन क्षेत्र मौजमाबाद पुलिस थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में एक मां ने तीन वर्षीय बच्ची के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उर्मिला जाट निवासी तुमबीपुरा अपने पीहर किशनपुरा में रह रही थी। मंगलवार की शाम को दो बच्चों को साथ लेकर घर से निकल गई। रात देर तक घर नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। इस दौरान पास ही एक कुएं में मां बच्चे की लाश दिखाई दी। घटना की सूचना मौजमाबाद पुलिस थाने में दी गई। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक दीपक खंडेलवाल व मौजमाबाद थाना प्रभारी मय पुलिस के पहुंचे तथा एसडीआरएफ टीम गाडोता को बुलाया जाकर 60 फीट गहरे कुएं से मां व बेटी के शव को निकाला गया, बाद में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। एक बच्ची कुएं के बाहर जिंदा बैठी मिली।

छात्रा लापता

अजमेर, (कासं)। आदर्श नगर थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा वापस नहीं लौटी तो परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित पिता की ओर से थाने पर शिकायत दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आदर्श नगर थाना पुलिस के अनुसार पीड़ित पिता ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया है। शिकायत में बताया कि उसकी 14 साल की बेटी है, जो गवर्नमेंट स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ाई करती है। 14 मई को सुबह वह घर से स्कूल बैग लेकर स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक वापस घर नहीं पहुंची।

बेकाबू होकर पलटी बस, चालक व परिचालक घायल, हादसा टला

करौली, (निसं)। मंडरायल से चंबल जा रही बस चंबल मार्ग स्थित खांडेपुरा गांव के पास एक मोड़ पर बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को पहले मंडरायल अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें गंभीर अवस्था में करौली रैफर कर दिया। बताया जा रहा है बस मंडरायल से चंबल सवारी छोड़ने जा रही थी। बस में अधिक सवारियां नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टल गया।

- **बस में अधिक सवारियां नहीं होने से हादसा टला**

मंडरायल हॉस्पिटल के वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी महेंद्र शर्मा ने बताया कि करौली से मंडरयाल चलने वाली बस दोपहर लगभग एक बजे मंडरायल पहुंची। मंडरायल में सावरी उतारने के बाद बस चंबल नदी जा रही थी। इस दौरान चंबल मार्ग स्थित खांडेपुरा गांव के पास एक मोड़ पर बस बेकाबू हो गई और पलट गई। हादसे में ड्राइवर मोहन सिंह पुत्र बलीचरण छेंडकापुरा और कंडक्टर पप्पू पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी गाधौली गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर अवस्था में करौली रैफर कर दिया। जहां से पप्पू शर्मा को गंभीर अवस्था में करौली से जयपुर रैफर किया है। मंडरायल थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डोडा-पोस्त सहित एक गिरफ्तार

मकराना, (निसं)। मकराना पुलिस ने नगवाड़ा कलां में करीब सात किलो डोडा-पोस्त का चूरा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए माल की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना पर ग्राम नगवाडा कला में अपने खेत में अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त बेचने की फिराक में बैठे बिश्नोइयों की ढाणी मनाना निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र बंशीलाल बिश्नोई से 6 किलो 680 ग्राम डोडा-पोस्त चूरा जब्त किया।

प्रेमी युगल ने एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई

सुरक्षा की गुहार लगाने एसपी ऑफिस पहुंचा नवविवाहित प्रेमी जोड़ा।

अजमेर, (कासं)। मदनगंज किशनगढ़ निवासी प्रेमी जोड़े ने पहले घर से भाग कर शादी रचाई और अब जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

राठी हॉस्पिटल वाली गली आदित्य मील कॉलोनी पुलिस थाना मदनगंज-किशनगढ़ निवासी दीपिका पथरिया पुत्री मदन मोहन बुधवार को अपने पति मनीष के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। प्रेमी जोड़े ने एसपी देवेंद्र विश्नोई को ज्ञापन सौंप कर परिजन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। दीपिका ने एसपी को बताया कि वह पूर्ण रूप से बालिग है। चार माह पूर्व स्वैच्छा से हिंदू रिति-रिवाज से मनीष सुपुत्र सुरेश निवासी ग्राम परासिया मदनगंज किशनगढ़ के साथ विवाह रचा लिया। विवाह की सूचना अपने माता-पिता को दे दी। मेरे इस विवाह से माता-पिता सहमत नहीं है, इस कारण माता-पिता व भाई द्वारा मुझे व मेरे पति सुरेश को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। हमको जान का पूरा पूरा खतरा है तथा मेरे माता-पिता व भाई हम दोनों के ऊपर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां भी दे रहे हैं। मुझे और मेरे पति को सुरक्षा प्रदान की जाए।

विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

करौली, (निसं)। कुड़गांव थाना क्षेत्र के भड़क्या गांव में एक विवाहिता ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने मृतका के शव को करौली हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया जिसका उपजिला कलेक्टर करौली और कुड़गांव थाना अधिकारी की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराते हुए शव परिवार जनो के सुपुर्द कर दिया।

कुड़गांव थानाधिकारी रुक्मिणी देवी ने बताया कि लक्ष्मी पत्नी हंसराज मीणा निवासी भड़क्या मंगलवार को अपने खेतों पर शौच के बहाने गई थी, जहां खेत में एक पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जैसे ही महिला के पेड़ से लटका हुआ मिलने की सूचना मिली, उसको करौली हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका का पति मजदूरी का कार्य करता है।

महिला की अक्टूबर 2017 में शादी हुई थी महिला के दो बच्चे हैं। एक बालक लगभग 1 साल और बालिका की उम्र लगभग ढ़ाई साल बताई जा रही है। पति-पत्नी में आपसी विवाद की बात की सामने आई है। हालांकि मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है महिला का पीहर ब्रह्ममद गांव पंचायत भरकुंजरा थाना नादनपुर है।

मांगों को लेकर राजस्व मंडल के वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया

राजस्व बार एसो. द्वारा राजस्व मंडल में आरएएस कोटे के सदस्यों की नियुक्ति का विरोध

अजमेर, (कासं)। राजस्व बार एसोसिएशन द्वारा राजस्व मंडल में आरएएस कोटे के सदस्यों की नियुक्ति के विरोध में बुधवार को वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में वकील कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर आरएएस कोटे से सदस्यों की नियुक्ति पर रोक लगाने तथा आईएएस, न्यायिक व वकील कोटा बढ़ाने की मांग की है।

राजस्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बराड़ ने जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अनुपस्थिति में एडीएम सिटी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राजस्व बार के विरोध के बावजूद सरकार ने आरएएस कोटे से राजस्व मंडल में सदस्य नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे हैं जिसकी बुधवार को अंतिम तिथि है। राजस्व बार एसोसिएशन शुरू से ही मंडल में आरएएस कोटे के सदस्य की नियुक्ति विरोध कर रही है। एसोसिएशन की ओर से हाईकोर्ट में रिट दायर कर रखी है।

राजस्व बार एसोसिएशन के पदाधिकारी जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे।

अध्यक्ष बराड़ ने बताया कि राजस्व मंडल में आरएएस कोटे से सदस्यों की नियुक्ति पर रोक लगाने, आईएएस, न्यायिक तथा वकील कोटा बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राजस्व मंडल में अधिवक्ताओं के दोनों पद खाली है, आईएएस कोटे के पांच में चाद पद खाली है। इनको भरने के बजाए सरकार राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को नियुक्त दे रही है, जिसका बार ने विरोधी भी किया था। उन्होंने कहा कि आरएएस सदस्य की नियुक्ति के बाद से राजस्व मंडल के फैसलों में गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में राजस्व बार ने विधि मंत्री को भी ज्ञापन भेज कर आरएएस सदस्य को हटाने की मांग भी की थी, लेकिन उनकी मांग पर कोई विचार नहीं किया जिसके चलते आज कार्य बहिष्कार कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

- **आईएएस, न्यायिक व वकील कोटा बढ़ाने की मांग, कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**